**सराहनीय कार्य, जालौन पुलिस**
**दिनांक 14.09.2023**

## एसओजी/सर्विलांस टीम जालौन एवं थाना क़दौरा पुलिस की सयुंक्त टीम द्वारा जनपद व आस पास के जनपदों में टप्पेबाज़ी करने वाले 2 अंतर्जनपदीय अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान अवैध असलाह सहित किया गया गिरफ्तार।

विगत कई माह से जनपद और आसपास के जनपदों में लगातार मोटरसाइकिल पर रिश्तेदार बताकर या अन्य किसी बहाने से पैर छूकर भोले भाले लोगो को बैठाकर टप्पेबाज़ी की घटनायें हो रही थी। उक्त घटनाओं के अनावरण के लिये टीमों का गठन किया गया था। गठित टीमों को शासन द्वारा चलाये जा रहे अभियान आपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत लगाये गये केमरों से भी अभियुक्तों की पहचान में काफ़ी मदद मिली। इसी क्रम में आज दिनांक 14.09.2023 को एसओजी /सर्विलांस एवं थाना क़दौरा पुलिस द्वारा मुखविर की सूचना पर बेरी रोड पर चेकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान मोटर साइकिल पर सवार 02 बदमाशो को जब रोका गया, तो बदमाशो द्वारा हरचंदपुर रोड पर भागने का प्रयास करते हुए पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गई, बचाव में पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जबाबी फायरिंग की गई। जिसके परिणामस्वरूप दोनों अभियुक्तगण गोली लगने से घायल हो गये जिनको गिरफ्तार किया गया। घायल अभियुक्तों को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 01 तमंचा 315 बार, 2 जिन्दा व 2 खोखा कारतूस, 01 तमंचा 32 बोर 2 खोखा, 1 ज़िंदा कारतूस, एवं 4700 रुपए टप्पेबाज़ी की घटना से संबंधित मोटरसाइकिल बरामद हुयी है।

पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा आस पास के निम्न जनपदो में घटना कारित करना बताया गया —

1-जनपद झाँसी के चिरगाँव, मोंठ, पूँछ
2-जनपद इटावा के लखना, बकेवर, भर्थना
3-जनपद कानपुरदेहात के भोगनीपुर, मुसानगर, सट्टी
4-जनपद मैनपुरी के बेवर, भोगाव, बिछवा
5-जनपद कन्नौज के छिबरामऊ, सौरीख, तिर्वा
6-जनपद फ़तेहपुर के बिन्दकी, जहानाबाद
7-जनपद एटा के अलीगंज

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-**

1. राजू कंजड़ पुत्र बदरी निवासी मों॰ बदनपुर नारायणपुर थाना कोतवाली औरैया जनपद औरैया
2. रमेंद्र उर्फ़ रवींद्र कंजड़ पुत्र श्यामलाल निवासी पांडेताला सुजानपुर थाना ललौली जनपद फ़तेहपुर

**बरामदगी का विवरणः-**

1. 4700 रुपए टप्पेबाज़ी की घटना से संबंधित
2. 01 तमंचा 315 बार, 2 जिन्दा व 2 खोखा कारतूस
3. 01 तमंचा 32 बोर 2 खोखा, 1 ज़िंदा कारतूस
4. मोटरसाइकिल बरामद

**अभियुक्त राजू कंजड़ उपरोक्त का अपराधिक इतिहास-**

1. 376/2021 धारा 379,506 भादवि थाना घाटमपुर जनपद कानपुर नगर
2. 19/2022 धारा 4/25 आर्म एक्ट थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात
3. 46/2022 धारा 323, 498ए, 504 भादवि थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात
4. 05/2021 धारा 411,420,467,468,471 भादवि थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात
5. 08/2021 धारा 21/22 स्वापक औषधि अधि० थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात
6. 03/2021 धारा 379,411 भादवि थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात
7. 145/2017 धारा 4/25 आर्म एक्ट थाना चौखिया जनपद इटावा

**गिरफ्तार/सहयोगार्थ करने वाली टीम –**

1. प्रभारी एसओजी/सर्विलांस सेल मय टीम।
2. थानाध्यक्ष कदौरा मय पुलिस टीम ।